an>

Title: Need to develop Bundelkhand in Uttar Pradesh as a special zone for industrialization.

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): धन्यवाद उपाध्यक्ष महोदय।

महोदय, पूरा देश और पूरा सदन जानता है कि बुन्देलखण्ड का किसान आज सबसे खराब परिस्थिति से गुजर रहा है। बुन्देलखण्ड के किसानों की स्थिति सबको पता है। बुन्देलखण्ड भारत का मध्य क्षेत्र है, वहां पर उद्योगों की स्थिति बिल्कुल नगण्य है। उत्तर प्रदेश सरकार ने बहुत पहले बुंदेलखंड में उद्योग लगाने के लिए बीडीआर लागू किया था। उसके तहत बुंदेलखंड डवलपमेंट रीबेट के तहत 50 प्रतिशत बिजली का बिल लिया जाता था और सेल्स टैक्स में छूट थी। लेकिन कुछ समय बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने वह रीबेट बंद कर दी। स्थिति यह है कि बिना छोटी इकाइयों के देश और राज्य का विकास असम्भव है। बुंदेलखंड का प्रत्येक ग्राम भूख और आत्महत्या की करुण कहानियों से भरा हुआ है। नौकरियों की प्राप्ति के लिए वहां का नौजवान भटक रहा है और पलायन का प्रतिशत यह है कि पूरे उत्तर प्रदेश में जहां 12 से 15 प्रतिशत है, वहीं बुंदेलखंड में मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर, महुवा, दिनवारी में आज की परिस्थिति में 50 प्रतिशत लोग पलायन कर रहे हैं, जिससे गांव के गांव खाली हो गए हैं। मेरा इस अवसर पर आपके माध्यम से भारत सरकार से, माननीय प्रधान मंत्री जी से जो कि दुर्बल लोगों की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं, निवेदन है कि बुंदेलखंड में उद्योग लगाने के लिए इकाइयां स्थापित की जाएं। बुंदेलखंड में केन, बेतवा और यमुना का जो क्षेत्र है, वहां पर बहुत सस्ती जमीन उपलब्ध है इसलिए वहां पर उद्योग लगाए जा सकते हैं। अतः भारत सरकार से निवेदन है कि इस पर जल्दी से जल्दी अमल किया जाए।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the matter raised by Kunwar Pushpendra Singh Chandel.